भारतीय भेषज संहिता आयोग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
'सेक्टर- २३, राजनगर, गाजियाबाद

सं०-आई.पी.सी./1112/2023-24

रिक्ति परिपत्र

सचिव सह वैज्ञानिक निदेशक, भारतीय भेषज संहिता आयोग की नियुक्ति

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्वशासी निकाय के रूप में स्थापित भारतीय भेषज संहिता आयोग, सेक्टर-23, राजनगर, गाज़ियाबाद - 201002 जिसका प्राथमिक लक्ष्य समय बद्ध रूप से भारतीय भेषज संहिता के नूतन संस्करण एवं भारत की राष्ट्रीय सूत्र संहिता प्रकाशित करना और अन्य दूसरे कार्य जैसे अन्य सन्दर्भ पदार्थों का विनिर्माण, सत्यापन एवं वितरण है, को निम्न विवरणानुसार सचिव -सह- वैज्ञानिक निदेशक के पद हेतु एक सक्षम, प्रतिबद्ध तथा गतिशील व्यक्ति की आवश्यकता है:-

पद का वेतनमान : वेतन मैट्रिक्स स्तर 14 (रु० 1,44, 200-2,18,200)

भर्ती का स्वरुप : सीधी भर्ती/सर्व-सह-चयन समिति

आयु : अधिमानतः 50 वर्ष से कम

योग्यताः

(गैर-चिकित्सीय)

अनिवार्यः -i) भेषज विज्ञान/बायो- रसायन / बायो-टेक्नोलॉजी / रसायन / भेषजगुण विज्ञान/ सूक्ष्मजीव विज्ञान में से संबंधित क्षेत्रों में किसी एक क्षेत्र में पी०एच०डी० सहित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि ।

(चिकित्सीय)

सूक्ष्मजीव विज्ञान / भेषजगुण विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ चिकित्सा / बायोलॉजिकल साइंस में स्नातकोत्तर उपाधि ।

वांछनीयः संबंधित क्षेत्रों में से किसी एक में पी०एच०डी० उपाधि।

अनुभवः अनिवार्यः

(1) फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र में वरिष्ठ स्तर पर 5 वर्ष के अनुभव सहित 15 वर्ष का अनुभव।

(2) प्रकाशित शोध पत्र (पत्रों) के समर्थन सहित संबंधित क्षेत्र में शोध अनुभव।

कार्यकालः - पांच (5) वर्ष, योग्य मामलों में, कार्यकाल पांच (5) वर्ष की एक और अवधि के लिए या सेवानिवृत्ति की आयु तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।

कार्य विवरणः- वह आयोग का मुख्य वैज्ञानिक एवं कार्यकारी अधिकारी होंगे तथा आईपी आयोग द्वारा स्थापित साधारण समिति, प्रबंध समिति, वैज्ञानिक समिति के सदस्य के सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे। वह भारतीय भेषज संहिता आयोग में सम्मिलित की जाने वाली औषधों तथा सूत्रणों के मोनोग्राफों की तैयारी में आयोग को नेतृत्व तथा कौशलपूर्ण निदेश उपलब्ध करेंगें। वे सुनिश्चित करेंगें कि भारत की राष्ट्रीय सूत्र संहिता का समयबद्ध प्रकाशन हो । वे औषधियों के गुणवत्तापूर्ण आश्वासन हेतु अपेक्षित प्रमाणित संदर्भ पदार्थ की उपलब्धता के लिए समयबद्ध कार्यक्रम का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

आयोग के वेबसाइट **https://www.ipc.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकने वाले विहित प्रपत्र पर कड़ाई से पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र के साथ संलग्न सहायक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों और सरकारी संगठन में नियोजित उम्मीदवारों के मामले में पिछले पांच साल की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट तथा निजी क्षेत्र में नियोजित उम्मीदवारों के मामले में समतुल्य मूल्यांकन रिपोर्ट और नियोक्ता के प्रमाण पत्र सहित उचित माध्यम द्वारा श्री बिकास आर. महतो, अवर सचिव (ड्रग्स विनियमन), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा नंबर 434-सी, विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली -110011 के पास रोजगार समाचार में प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर पहुँच जाने चाहिए।

सचिव-सह- वैज्ञानिक निदेशक का पद 1 मार्च, 2025 से भरे जाने की संभावना है और सक्षम प्राधिकारी को बिना किसी कारण बताए पद के लिए प्राप्त किसी भी/या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
भारतीय भेषज संहिता आयोग